भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *188

दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत जारी धनराशि

***188. श्रीमती बाग मिताली:**

श्रीमती महुआ मोइत्रा:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार के पास विगत ग्यारह वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में बाढ़ से फसलों, भूमि और मानव जीवन को हुए नुकसान के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के प्रारंभ से अब तक बाढ़ प्रबंधन, नदी प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र सहित विभिन्न घटकों के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई कुल धनराशि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी आर पाटील)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

'बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत जारी धनराशि' के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *188 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): देश में नदियों में बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान, भूमि क्षेत्र और जानमाल की हानि से संबंधित डेटा केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ख): XI वीं योजना से बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) और बाढ़ प्रबंधन एवं सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के नदी प्रबंधन गतिविधियों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित कार्यों (आरएमबीए) के अंतर्गत जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

"बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत जारी धनराशि" के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय तारांकित प्रश्न सं. *188 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

(I) XI वीं योजना से एफएमबीएपी के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) घटक के अंतर्गत रूपए करोड़ में जारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केंद्रीय सहायता

क्र. सं.	**राज्य**	**XI वीं और XII वीं योजना के दौरान जारी की गई निधि**	**स्थापना से मार्च, 2025 तक जारी की गई कुल निधि**
1	अरुणाचल प्रदेश	169.6	213.28
2	असम	813.75	1582.54
3	बिहार	907.82	924.40
4	छत्तीसगढ़	19.32	19.32
5	गोवा	11.98	11.98
6	गुजरात	2	2.00
7	हरियाणा	46.91	46.91
8	हिमाचल प्रदेश	387.85	862.74
9	जम्मू और कश्मीर	422.52	805.27
10	झारखंड	22.71	22.71
11	कर्नाटक	23.8	23.80
12	केरल	118.9	137.95
13	मणिपुर	90.7	380.71
14	मेघालय	3.81	3.81
15	मिजोरम	16.41	16.88
16	नागालैंड	83.13	94.84
17	ओडिशा	101.12	119.42
18	पुडुचेरी	7.5	7.50
19	पंजाब	40.43	40.43
20	सिक्किम	91.84	91.84
21	तमिलनाडु	59.82	59.82
22	त्रिपुरा	23.62	23.62
23	उत्तर प्रदेश	401.91	470.19
24	उत्तराखंड	203.61	246.59
25	पश्चिम बंगाल	802.01	1051.96
	कुल	**4873.07**	**7260.51**

(II) XI वीं योजना से एफएमबीएपी के नदी प्रबंधन गतिविधियों और सीमा क्षेत्रों से संबंधित कार्यों (आरएमबीए) घटक के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार करोड़ रुपए में जारी केंद्रीय सहायता

क्र. सं.	**राज्य**	**XI वीं और XII वीं योजना के दौरान जारी की गई कुल निधि**	**मार्च, 2025 तक जारी की गई कुल निधि**
1	बिहार	260.04	732.15
2	उत्तर प्रदेश	59.84	387.26
3	त्रिपुरा	41.054	41.05
4	पश्चिम बंगाल	164.49	237.93
5	जम्मू-कश्मीर	9.98	25.91
6	पंजाब	14.95	27.08
7	पुडुचेरी	13.26	13.26
8	उत्तराखंड	-	12.50
	कुल	**563.614**	**1477.15**

*****